हरिभूमि - कांकेर भूमि
रायपुर, मंगलवार, 8 जुलाई 2025

तापमान
अधिकतम 23.0 डिग्री
न्यूनतम 22.0 डिग्री

14 सचिव दिवस पर संगठनात्मक एकजुटता...



14 स्कूल मरम्मत में करोड़ों की गड़बड़ी का आरोप...





# परलकोट इलाके के स्कूलों में नहीं मिलीं किताबे, पुरानी किताबें से हो रही पढ़ाई

## छात्रों के साथ-साथ शिक्षक भी हो रहे हैं परेशान, नहीं हो रही सुनवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पखांजुर

पहली से आठवीं तक की किताबों की पूर्ति पाठ्य पुस्तक निगम के द्वारा किया जाता है, परंतु इस बार प्रत्येक स्कूलवार किताबें भेजी गई है। स्कूल में किताबें स्कैन करने के बाद ही मिलेंगी। इस नई प्रकिया के पालन करने के चलते इस बार प्रकाशन में देरी हुई और इसी कारण के चलते परलकोट में किताबें आज तक नहीं पहुँच पाई। शिक्षक मजबूरी में पुरानी किताबों से बच्चों को पढ़ाने के लिए मजबूर है।

विकासखंड कोयलीबेड़ा के अंतर्गत परलकोट ईलाके में पहली से आठवीं कक्षा तक के हजारों छात्रों को अभी तक नए सत्र की पाठ्य पुस्तकें नहीं मिल पाई हैं। पुस्तकों के अभाव में शिक्षक पुरानी किताबों और अपने जुगाड़ से छात्रों को पढ़ाने पर मजबूर हैं, जिससे बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। शिक्षकों का कहना है कि सत्र शुरू हुए काफी समय हो गया है, लेकिन पाठ्य पुस्तक विभाग द्वारा अभी तक पुस्तकों का वितरण नहीं किया गया है। वे किसी तरह पुराने पाठ्यक्रम की किताबें या अन्य उपलब्ध सामग्री का उपयोग कर बच्चों को पढ़ा रहे हैं, ताकि उनकी पढ़ाई का ज्यादा नुकसान न हो। पुस्तकों के वितरण में हो रही यह देरी छात्रों के भविष्य पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकती है, खासकर उन छात्रों पर जिनके पास पुरानी किताबें उपलब्ध नहीं हैं। अभिभावकों ने भी प्रशासन से जल्द से जल्द पुस्तकें उपलब्ध कराने की मांग किया है।




### शासन स्तर से नहीं पहुंची किताबें

कोयलीबेड़ा विकासखंड के खंड शिक्षा अधिकारी देव कुमार शील से बात किया, तो उन्होंने बताया कि शासन स्तर से अभी तक उन्हें पाठ्य पुस्तकें प्राप्त नहीं हुई हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि जल्द ही पुस्तकें प्राप्त हो जाएंगी और उनका वितरण सुनिश्चित किया जाएगा।

## खबर संक्षेप



### सरपंच और ग्रामीणों ने किया पौधारोपण

**दुर्गुकोंदल।** विकासखण्ड दुर्गुकोंदल के ग्राम पंचायत साधुमिचगांव के आश्रित ग्राम ओडाहूर के आंगनबाड़ी परिसर में सरपंच मुकेश गावड़े एवं ग्रामीणों ने फलदार और छायादार पौधारोपण किया और लोगों को अपने बॉडी घर आंगन सहित निजी जमीन पर पौधारोपण कर उनके संरक्षण के लिए जागरुक किया। सरपंच मुकेश गावड़े ने कहा कि हमारे जीवन में पेड़ों का महत्व है। पेड़ों के चलते जलस्तर अच्छा रहता है। जहां जंगल है उन इलाकों में अच्छी बारिश भी होती है। इस अवसर पर सोनसिंह दुग्गा, महंगू राम ध्रुव, राजेश कुलदीप, विश्राम उसेंडी, सिंगलाल, दिनेश मरकाम, बालेराम, रामाराम, जोहन दुग्गा उपस्थित रहे।

### युवती ने पंखे से लटक कर दी जान, कारण अज्ञात

**कांकेर।** पखांजुर थानांतर्गत 22 वर्षीय ज्योति नाग ने अपने घर में पंखा से लटक कर आत्महत्या कर ली। युवती ने आत्महत्या क्यों किया यह अभी पता नहीं चल पाया है। पुराना बाजार पखांजुर निवासी विनीता हलदर ने पुलिस को बताया कि मृतिका ज्योति नाग 5 जुलाई को घर के कमरे में थी। रात को अज्ञात कारणों के चलते कमरे में लगे सिलिंग पंखा में गमछा का फंदा बनाकर फांसी लगा ली थी, जिससे उसकी मौत हो चुकी थी। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### नदी में मिला अज्ञात का शव, पुलिस शिनाख्त में जुटी

**कांकेर।** अंतागढ़ थानांतर्गत कढ़ईखोदरा के कड़पाकला नदी में अज्ञात व्यक्ति का शव सड़ी गली स्थिति में मिला। कढ़ईखोदरा निवासी सेवकराम ने पुलिस को बताया कि 5 जुलाई को कढ़ईखोदरा नदी में अज्ञात व्यक्ति का शव सड़ा गला स्थिति में झाड़ियों के बीच फंसा हुआ दिखाई दिया। शव की पहचान नही हो पाई है। पुलिस ने मर्ग कायम करते हुए शव का पंचनामा कर पीएम के लिए मरचुरी भेजा गया और विवेचना में लिया गया।

### करंट लगने से महीला की हुई मौत, मर्ग कायम

**कांकेर।** पखांजुर थानांतर्गत 48 वर्षीय सशीला मंडल घर के पास बिजली करंट की चपेट में आ गई, जिसके कारण उसकी मौत हो गई। मृतिका के पुत्र पीवी 132 निवासी निर्मल मंडल ने पुलिस को बताया कि उसकी मां 5 जुलाई को बिजली पोल के सपोटिंग तार में चिपक गई, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### 12 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

**कांकेर।** राजस्व पुस्तक परिपत्र खण्ड 6-4 के तहत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने सर्प काटने, गड्ढे में गिरने और नहर-नाली के पुल के नीचे गड्ढे में गिरने से मृत्यु होने के तीन तहसील भानुप्रतापपुर के ग्राम कुंआपानी निवासी 47 वर्षीय जयबती पुजारी की सर्प काटने से मृत्यु होने पर उनके आश्रित ईश्वर को चार लाख, तहसील कोयलीबेड़ा के ग्राम उदनपुर निवासी 45 वर्षीय रामचरण नेताम की गड्ढे में गिरने से मृत्यु के प्रकरण में उनकी पत्नी चमरीन बाई के लिए चार लाख और सरोना तहसील अंतर्गत 45 वर्षीय देवेन्द्र साहू की नहर-नाली के पुल के नीचे गड्ढे में गिरने से मृत्यु के प्रकरण में उनकी पत्नी सृकृति के लिए चार लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

## पर्व : सावन माह की शुरूआत कल से, तैयारी अंतिम चरण में

# सर्वार्थ सिद्धि योग और शिव योग का सावन माह में रहेगा संयोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- भगवान शिव के जलाभिषेक की भव्य तैयारी

श्रावण मास यानी सावन का प्रारंभ विशेष शुभ संयोग में होने जा रहा है। पंचांग के अनुसार सावन माह का पहला दिन 9 जुलाई को है। सावन माह सर्वार्थ सिद्धि योग और शिव योग जैसे अत्यंत दुर्लभ व पुण्यदायी संयोग में आरंभ होगा। यह योग शिव आराधना के लिए अत्यंत फलदायक माना गया है, जिसके चलते श्रद्धालुओं में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है।

सावन के इस शुभ अवसर पर पूरा क्षेत्र भक्ति, आस्था और शिव आराधना में डूबने को तैयार है। तैयारियों की अंतिम रूपरेखा दर्शाती है कि यह माह एक बार फिर श्रद्धा और समर्पण का प्रतीक बनेगा। सावन माह को भगवान शिव की आराधना का विशेष समय माना जाता है और इसे लेकर मंदिरों से लेकर श्रद्धालुओं के घरों तक व्यापक तैयारियाँ अंतिम चरण में पहुँच चुकी हैं। स्थानीय मंदिरों में सावन की तैयारियाँ लगभग पूरी हो चुकी हैं। शिवालयों को भव्य रूप से सजाया जा रहा है, और जलाभिषेक, रुद्राभिषेक व विशेष पूजन के लिए व्यवस्था की जा रही है। पुजारियों का कहना है कि इस बार की शिव पूजा विशेष फल देने वाली होगी, क्योंकि पूरा सावन ही शुभ नक्षत्रों व योगों से परिपूर्ण रहेगा।



### पांच सोमवार में बनेंगे कई योग

पंडितों के अनुसार इस वर्ष सावन में कुल 5 सोमवार पड़ रहे हैं, जो कि भक्तों के लिए अत्यंत शुभ माना जाता है। खास बात यह भी है कि पहला सोमवार भी शुभ योग में आ रहा है, जिससे भगवान शिव की आराधना का महत्व कई गुना बढ़ गया है। सावन के सोमवार को विशेष महत्व प्राप्त है और श्रद्धालु पूरे माह व्रत रखते हुए शिवलिंग पर जलाभिषेक करते हैं।

### कांवड़ यात्रा की तैयारी शुरू

कांकेर में पहले केवल एक कांवड़ यात्रा निकलती थी, परंतु अब कई मुहल्लों से कांवड़ यात्रा निकालने की तैयारी किया जा रहा है। कांवड़ यात्रा की तैयारी करने वाले कई समितियां निकालेंगी, जो अपनी सुविधा के अनुसार तिथि तय करेंगी। समितियों ने अभी तक तिथि का खुलासा नहीं किया है। कांवड़ यात्रा के दौरान कई सामाजिक संगठनों भी जगह-जगह पानी व फल का वितरण करते है।

# बड़गांव में वार्डपंचो के मानदेय में अनियमितता एसडीएम से की शिकायत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पखांजूर

- लाखों की राशि निकासी पर उठे सवाल, बिना प्रस्ताव और हस्ताक्षर हुए आहरण का आरोप

विकासखंड कोयलीबेड़ा के ग्राम पंचायत बड़गांव मे मानदेय की राशि में अनियमितता का मामला सामने आया है। सोमवार को ग्राम पंचायत बड़गाँव के दस वार्ड पंचो ने पखांजूर पहुंचकर एसडीएम और जनपद सीईओ को शिकायत करते हुए मानदेय दिलाने की मांग किया है। शिकायत करते हुए पूर्व वार्ड पंचो का आरोप है की उन्हें अपने कार्यकाल का मानदेय नहीं मिला है, जिसमें से कुछ वार्ड पंच दस वर्षीय रहे है, तो कुछ पांचवर्ष तक रहे है। मुश्किल साठ माह मे से बारह से पंद्रह माह का ही मानदेय उन्हें दिया गया और बाकी मानदेय अप्राप्त है।

गौरतलब है की पूर्व में वार्ड पंचों को दो सौ रुपए प्रति माह मानदेय मिलता था। कांग्रेस सरकार के दौरान यह बढ़ाकर पांच सौ रुपए प्रति माह कर दिया गया था। पूर्व पंचों का आरोप है कि पंचायत ने उनके नाम पर लाखों रुपए का घोटाला किया है। उन्होंने कहा कि न तो यह राशि उनके खाते में डाली गई, न ही उन्हें नगद दी गई। इसके आलावा पंचायत खाते से 31 मार्च 2025 को लगभग 6 लाख रुपए निकाल लिया गया है, जबकि न कभी प्रस्ताव बने और न कभी किसी के हस्ताक्षर लिए गए है। ऐसे में इतनी बड़ी राशि कैसे आहरण ▶▶| शेष पेज 12 पर

# अंतागढ़ व ताड़ोकी रेलवे स्टेशन परिसर में एसएसबी ने रोपे पौधे




हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंतागढ़

- 28वीं वाहिनी एसएसबी की पहल, स्टेशन परिसर हुआ हरा-भरा

अंतागढ़ एवं ताड़ोकी रेलवे स्टेशन परिसर में एसएसबी ने 7 जुलाई को वृक्षारोपण करते हुए उनको बचाए रखने का भी संकल्प लिया। इस अवसर पर दोनों रेल्वे स्टेशन पर 100-100 पौधो का रोपण किया गया।

वृक्षारोपण अभियान 2025 के तहत 07 जुलाई को अंतागढ़ एवं ताडोकी रेलवे स्टेशन परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य न केवल पर्यावरण को स्वच्छ एवं हरा-भरा बनाना है, बल्कि आमजन में पर्यावरण के प्रति जागरूकता भी फैलाना है। इस अभियान के अंतर्गत दोनों स्टेशनों पर 100-100 पौधे लगाए गए, जिससे क्षेत्र में हरियाली बढ़ाने एवं पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने का संदेश दिया गया। इस अवसर पर अंतागढ़ रेलवे स्टेशन के स्टेशन मास्टर सहित 28 वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल के कमांडेंट अरुण देवगम, द्वितीय ▶▶| शेष पेज 12 पर



## बांदे में सबसे ज्यादा, कोयलीबेड़ा में सबसे कम हुई बारिश

**कांकेर।** जिले में 01 जून से अब तक कुल 3375 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। कलेक्टर कार्यालय की भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक सर्वाधिक वर्षा बांदे तहसील में 448.2 मिलीमीटर तथा सबसे कम कोयलीबेड़ा तहसील में 131.9 मिलीमीटर औसत वर्षा रिकार्ड की गई है। इसी प्रकार कांकेर तहसील में 177.6 मिलीमीटर, भानुप्रतापपुर तहसील में 333.4 मिलीमीटर, दुर्गूकोंदल में 413.8 मिलीमीटर, चारामा. में 294 मिमी., अंतागढ़ में 394, पखांजूर में 306.3, नरहरपुर में 260.2, सरोना में 235 मिलीमीटर और आमाबेड़ा में 379.8 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। पिछले 24 घंटे में चारामा तहसील में सबसे अधिक 62.5 मिलीमीटर और कोयलीबेड़ा तहसील में सबसे कम 24.7 मिलीमीटर वर्षा आंकी गई है।

# मोर गांव, मोर पानी विशेष अभियान में पटौद में शामिल हुए विधायक, ग्रामीणों को किया प्रोत्साहित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- पटौद में विधायक आशाराम नेताम ने की भागीदारी, श्रमदान से जल संरक्षण का संदेश

मोर गांव, मोर पानी महाअभियान में विधायक आशाराम नेताम के अलावा गाँव के लोग भी शामिल हो रहे है। जिले में जल संरक्षण और भू-जल स्तर को बढ़ाने के लिए बड़े पैमाने पर कार्य किया जा रहा है। जिले के हर ग्राम पंचायतों में यह अभियान प्रारंभ हो चुका है, जो 10 जुलाई तक चलाया जाएगा। जिले में 5 जुलाई से प्रारंभ हुए महाअभियान में विधायक आशाराम नेताम भी पटौद कार्यक्रम में शामिल हुए और इस पुनीत कार्य में हाथ बंटाने का काम करते हुए लोगों को इस अभियान से जुड़ने के लिए प्रोत्साहित किया। कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर के मार्गदर्शन में जल संवर्धन के लिए विभिन्न संरचनाओं का निर्माण कार्य तेज गति से जारी है। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हरेश मंडावी द्वारा बताया गया कि इस महाअभियान के तहत कई महत्वपूर्ण गतिविधियों को अंजाम दिया जा रहा है तथा ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों द्वारा श्रमदान व जनसहयोग के माध्यम से विभिन्न कार्य किए जा रहे हैं। इसके तहत सामुदायिक स्थानों और निजी हितग्राहियों के लिए सोकपिट का निर्माण, सामुदायिक और प्रधानमंत्री आवास हितग्राहियों के लिए वाटर हार्वेस्टिंग संरचनाओं का निर्माण, सामुदायिक स्थलों, अमृत सरोवरों और प्रधानमंत्री आवास हितग्राहियों के यहां वृक्षारोपण किया जा रहा है। इन कार्यों की योजना बनाने और कार्यान्वयन में आधुनिक जीआईएस तकनीक का उपयोग किया जा रहा है। इसकी मदद से रिज टू वैली (पहाड़ी से घाटी तक) सिद्धांत पर आधारित स्ट्रक्चर्स की प्लानिंग की गई है, ताकि बारिश का पानी व्यवस्थित तरीके से संरचनाओं में एकत्र हो और अधिकतम जल संचयन हो सके। उन्होंने यह भी बताया कि पूर्व में इन क्षेत्रों ▶▶| शेष पेज 12 पर



## कंज्यूमर आईडी बनने के एक साल बाद भी नहीं मिल रही सेवा

# गैस कनेक्शन नहीं मिलने पर महिलाओं ने किया एजेंसी का घेराव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पखांजूर

प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत गैस कनेक्शन का इंतजार कर रही सैकड़ों महिलाओं का गुस्सा फूट पड़ा। कंज्यूमर आईडी बनने के बावजूद पिछले एक, डेढ़ साल से गैस चूल्हा कनेक्शन न मिलने से नाराज़ महिलाओं ने मां आमावुदिन एचपी गैस एजेंसी अंतागढ़ के द्वारा संचालित दुकान मटोली पखांजूर का घेराव कर जोरदार धरना प्रदर्शन किया। उनका आरोप है कि एजेंसी संचालक भोले-भाले हितग्राहियों को गुमराह कर साइट बंद है का बहाना बनाकर कनेक्शन देने से इनकार कर रहे हैं।

कंज्यूमर आईडी बनने के एक साल बाद भी गैस चूल्हा कनेक्शन न मिलने से नाराज़ महिलाओं ने धरना प्रदर्शन किया है। संध्या सरकार, काजल राय व गौरी मंडल का कहना है कि उन्होंने लगभग डेढ़ साल पहले ऑनलाइन माध्यम से प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत गैस कनेक्शन के लिए आवेदन किया था। उनके निजी मोबाइल नंबरों पर कंज्यूमर आईडी जनरेट होने के मैसेज आए हुए भी साल भर से ज़्यादा हो गए हैं। इसके बावजूद मां आमाबोदनी एचपी गैस एजेंसी के संचालक द्वारा उन्हें लगातार टालमटोल किया जा रहा है। ग्रामीण नमिता राय, रीना मंडल, रिंकी सिकदार व सुष्मिता मंडल के अनुसार जब भी वे एजेंसी जाती हैं, दुकान का शटर बंद मिलता है और जिम्मेदार कर्मचारी नदारद रहते हैं या फिर उन्हें साइड बंद है का बहाना कर वापस भेज दिया जाता है। महिलाओं ने चेतावनी दी है कि यदि उन्हें जल्द से जल्द गैस कनेक्शन नहीं दिए गए तो वे बड़े पैमाने पर धरना प्रदर्शन के लिए बाध्य हो जाएंगी।

विरोध प्रदर्शन के दौरान दुकान का शटर बंद पाए जाने से महिलाओं का आक्रोश और बढ़ गया। मौके पर खाद्य निरीक्षक पखांजूर मुकेश साहू ने कहा कि हितग्राहियों की बातें सुनीं और तत्काल पंचनामा तैयार किया है और एजेंसी संचालक को जल्द से जल्द हितग्राहियों को गैस कनेक्शन देने का आदेश दिया है।



# डांगरा में पखवाड़ेभर से लो वोल्टेज की समस्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गूकोंदल

- मोबाईल चार्ज करने 7 किमी जाने को मजबूर हैं लोग

विकासखंड दुर्गूकोंदल के ग्राम डांगरा में पिछले पखवाड़े भर से लो वोल्टेज की समस्या है। लो वोल्टेज की चलते बल्ब दिन रात टिमटिमाते रहते हैं। इलेक्ट्रिक से चलने वाले सभी उपकरण नहीं चल पा रहे है। विभाग के जमीनी अमले को जानकारी देने के बाद भी सुधार नहीं कर पा रहे है। डांगरा के ग्रामीणों का कहना है कि पखवाड़ेभर से वोल्टेज के गड़बड़ हो जाने से मोटर पंप नहीं चल रहे हैं। हैंडपंपों में सौर पंप विद्युत पंप की स्थापना की गई है, लेकिन पंप नहीं चल पा रहे हैं। इस कारण लोगों को अंधेरा में रहना पड़ रहा है, साथ ही लो वोल्टेज के चलते पंप नहीं चलने से पीने के लिए पानी भी मुहैया नहीं हो पा रहा है, इस कारण ग्रामवासी परेशान हैं। लो वोल्टेज की समस्या को सुधारने लगातार विद्युत विभाग से फोन से और मौखिक संपर्क कर रहे हैं लेकिन पखवाड़े भर बाद भी विद्युत विभाग के मैकेनिक बिजली सप्लाई की खामियों ▶▶| शेष पेज 12 पर



## खबर संक्षेप



### उद्योग स्थापित करने के लिए हुई जागरुकता कार्यशाला

**कोण्डागांव।** नगर पालिका सभा कक्ष में गुरूवार को एक दिवसीय उद्योग जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें विभागीय योजनान्तर्गत खाद्य पदार्थों के निर्माण विषय पर चर्चा की गई एवं जिले में खाद्य पदार्थों के निर्माण के लिए उद्योग स्थापना के लिए हितग्राहियों को मार्गदर्शन दिया गया। उक्त कार्यशाला में नगर के महिला समूह एवं पीएमएफएमई योजना के हितग्राही रागिनी जायसवाल, तुलजु पटेल एवं विधि सेवा प्राधिकरण से हशिना खान, प्रबंधक कुसुमलता नेताम, सहायक प्रबंधक नम्रता एल्मा एवं डीआरपी अक्षत श्रीवास्तव शामिल हुए।

### 2 स्टेट के 2 तस्कर से हुआ 1.66 लाख का गांजा बरामद

**जगदलपुर।** नगरनार व कोतवाली पुलिस द्वारा पिछले 24 घंटे के अंतराल में मादक पदार्थ गांजा के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। गिरफ्तार आरोपी छग के बस्तर व एमपी के देवास निवासी बताए जा रहे है जो अवैध गांजा ओडिशा से लाकर ले जाने प्रयासरत थे। गांजा तस्करी की सूचना पर एसपी शलभ कुमार सिन्हा व एएसपी माहेश्वर नाग के निर्देश व सीएसपी आकाश श्री श्रीमाल के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी नगरनार निरीक्षक संतोष सिंह व थाना प्रभारी कोतवाली भोला सिंह राजपूत के नेतृत्व में टीम गठित कर कार्रवाई के लिए रवाना किया गया था। नगरनार पुलिस की टीम द्वारा ग्राम धनपुंजी स्थित आरटीओ नाका एनएच 63 से एक संदिग्ध को घेराबंदी कर पकड़ा गया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम सुनील केंवट 23 साल निवासी मेल पिपलिया पोस्ट उमरिया थाना खातेगांव जिला देवास एमपी का रहने वाला बताया।

## कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना ने बच्चों को दिया पर्यावरण और सड़क सुरक्षा का संदेश

# एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत स्काउट गाइड शिविर में हुआ पौधारोपण

**चिपावंड स्कूल परिसर में 200 पौधे रोपे, बच्चों ने लिया पर्यावरण संरक्षण का संकल्प**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कोण्डागांव

शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला चिपावंड में स्काउट गाइड शिविर के समापन अवसर पर एक विशेष वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं। एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। इस अवसर पर कुल 200 पौधों का वितरण किया गया, जिन्हें विद्यालय परिसर में रोपा गया। साथ ही बच्चों को अपने घरों में भी पौधे लगाने हेतु दिए गए। कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना ने बच्चों को प्रेरित करते हुए अपने संबोधन में कहा, हर व्यक्ति को एक पेड़ अवश्य लगाना चाहिए, ताकि वह अपने हिस्से की ऑक्सीजन स्वयं तैयार कर सके। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर जोर दिया। इसके साथ ही, उन्होंने सड़क सुरक्षा की अहमियत पर प्रकाश डालते हुए हेलमेट पहनने की आवश्यकता पर भी बल दिया। कलेक्टर ने विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के साथ कृषि के क्षेत्र में भी आगे बढ़ने की बात कही। कार्यक्रम के दौरान कलेक्टर पन्ना ने नागेंद्र पोयाम, सहेजस दहिकोंगा, तुष्कर पटेल शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पीपरा, निराली मंडल और प्रज्ञा साहू शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चिपावंड जैसे विद्यार्थियों से वृक्षारोपण और पर्यावरण संरक्षण विषय पर संवाद किया।



### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी भारती प्रधान, स्काउट गाइड सदस्य, शाला प्राचार्य, समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं, पंच, सरपंच, उपसरपंच सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। सभी ने मिलकर वृक्षारोपण कर इस अभियान में अपनी भागीदारी सुनिश्चित की।

## एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत लगाए सीता अशोक के पौधे



एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत कामधेनु गोशाला बड़ेकनेरा में सीता अशोक के पौधे का वृक्षारोपण किया गया। गोशाला की अध्यक्षा विदेश्वरी शर्मा, जिन्हें ऑर्गेनिक लेडी के नाम से जाना जाता है, उन्होंने यह पौधा अपनी माता अहिल्या शर्मा के नाम पर रोपित किया। वहीं, संस्था की कोषाध्यक्ष जयमाला पाण्डेय ने भी अपनी स्वर्गीय माता संध्या जोशी की स्मृति में सीता अशोक का पौधा लगाया। 2010 में स्थापित कामधेनु गोशाला 2.50 एकड़ क्षेत्र में फैली हुई है, जहां लगभग 212 गोवंशीय पशुओं का संरक्षण किया जाता है। गोशाला परिसर में पहले से ही कदंब, अशोक, आम, जामुन, नीम और अन्य छायादार वृक्ष मौजूद हैं, जो न केवल पशुओं को छाया और पर्यावरणीय संरक्षण प्रदान करते हैं, बल्कि स्वच्छ वातावरण का भी संदेश देते हैं। सीता अशोक एक दुर्लभ व सुगंधित फूलों वाला सदाबहार वृक्ष है जिसके पीले–नारंगी फूल फाल्गुन माह में खिलते हैं। नवरोपित पौधों की सुरक्षा के लिए ट्री गार्ड और अन्य आवश्यक सामग्री की सहायता से पूर्ण सुरक्षा प्रदान की गई है।

### पौधों की देखभाल व संरक्षण की ली शपथ

इस अवसर पर उद्यान विभाग से सेवानिवृत्त अपर संचालक भूपेन्द्र कुमार पाण्डेय एवं कोण्डागाँव के जिला उद्यान अधिकारी वीके गौतम भी उपस्थित रहे। उन्होंने भी अपने कर कमलों से सीता अशोक का पौधा एक पेड़ मां के नाम रोपित किया और पौधों की देखभाल व संरक्षण की शपथ ली। कार्यक्रम के समापन पर गोशाला के सभी पशुओं को गुड़ चारा एवं अन्न खिलाकर उन्हें सम्मानित किया गया।

## ग्रामीणों ने बोरी बंधान और पौधारोपण कर दिया जल संरक्षण का संदेश

### बम्हनी में ग्रामीणों की अनुकरणीय पहल, हुआ श्रमदान और पौधारोपण

■ जल संरक्षण और पौधरोपण में पूरे जिले की भागीदारी

छत्तीसगढ़ शासन की महत्वपूर्ण पहल ष्मोर गांव, मोर पानीष महाअभियान के तहत जिले में ग्रामीणों को जल संरक्षण और पर्यावरण संवर्धन के लिए जागरूक किया जा रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार को कोण्डागांव विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत बम्हनी में ग्रामीणों ने सामूहिक श्रमदान करते हुए जल संरक्षण के लिए बोरी बंधान का कार्य किया, साथ ही 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के अंतर्गत वृक्षारोपण कर ग्रामीणों ने पर्यावरण संवर्धन का संदेश दिया। इस अवसर पर ग्रामीणों ने सामूहिक रूप से जल स्रोतों के संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दिखाई। मोर गांव, मोर पानी महाअभियान के तहत जिले में जल संकट से निपटने ग्रामीण अंचलों में जल स्रोतों के संरक्षण, पुनर्भरण और पुनर्जीवित करने के लिए कार्य योजना तैयार कार्य किया जा रहा है। जिसमें हैण्ड पंपों से निकलने वाली पानी के लिए 2 हजार 972 सोखता गड्ढा तैयार किया गया है। वहीं कम जल स्तर वाले बोरवेल को पुनर्जीवित के लिए भी कार्य किया जा रहा है जिसमें 114 प्रस्तावित बोरवेल में से 12 बोरवेल पर कार्य किया गया है। इसके साथ ही जल संरक्षण के लिए गाँवों के पंचायत भवन और सार्वजनिक स्थानों पर दीवार लेखन कर ग्रामीणों को जागरूक की जा रही है। एक पेड़ माँ के नाम के तहत सभी विकासखंडों के सार्वजनिक, धार्मिक एवं शासकीय भवनों के आस–पास कुल 7 हजार 279 पौध रोपण किया गया है।



# बप्पी मेडिकल स्टोर का लाइसेंस 10 दिन के लिए निलंबित, जांच में मिली कमी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कोण्डागांव

■ गंभीर उल्लंघन पर कार्रवाई जिला प्रशासन और औषधि विभाग का संयुक्त कदम

जिले में औषधियों की गुणवत्ता, खरीदी–बिक्री और दस्तावेजों के सत्यापन को लेकर खाद्य एवं औषधि प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे सघन निरीक्षण अभियान के तहत कोंडागांव के बप्पी मेडिकल स्टोर का लाइसेंस 10 दिन के लिए निलंबित कर दिया गया है। यह कार्रवाई नियंत्रक, खाद्य एवं औषधि प्रशासन छत्तीसगढ़ के आदेश और कलेक्टर कोंडागांव के निर्देशानुसार की गई है।

औषधि निरीक्षक सुखचौन सिंह धुर्वे ने कोंडागांव ब्लॉक के अंतर्गत स्थित बप्पी मेडिकल स्टोर, किबईबालेगा का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान शेड्यूल–एच और अन्य दवाओं की खरीदी–बिक्री से संबंधित दस्तावेजों की जांच की गई। इस जांच में औषधि एवं सौंदर्य प्रसाधन अधिनियम 1940 एवं नियमावली 1945 के तहत गंभीर अनियमितताएं पाई गईं। उल्लंघन के मद्देनज़र फर्म संचालक को कारण बताओ नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा गया था। प्राप्त उत्तर असंतोषजनक पाए जाने पर, औषधि अनुज्ञापन प्राधिकारी ने बप्पी मेडिकल स्टोर का ड्रग लाइसेंस 10 दिवस के लिए निलंबित कर दिया है। औषधि निरीक्षक श्री धुर्वे ने बताया कि जिले में सभी मेडिकल स्टोर्स का नियमित निरीक्षण जारी रहेगा और संदिग्ध औषधियों के नमूनों को औषधि परीक्षण प्रयोगशाला, रायपुर भेजा जा रहा है। उन्होंने सभी मेडिकल संचालकों को निर्देशित किया है कि वे दवाइयों की खरीदी–बिक्री से संबंधित समस्त दस्तावेजों का नियमानुसार संधारण करें और केवल मानक व प्रमाणित दवाओं की ही बिक्री करें। साथ ही, शेड्यूल–एच, शेड्यूल–एक्स, नार्कोटिक दवाएं तथा एमटीपी किट जैसी औषधियों का विक्रय केवल पंजीकृत डॉक्टर के प्रिक्रिप्शन पर ही करने की सख्त हिदायत दी गई है। औषधि विभाग ने चेतावनी दी है कि नियमों का उल्लंघन करने वाले मेडिकल स्टोर्स के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। यह अभियान भविष्य में भी लगातार जारी रहेगा ताकि जनसाधारण को गुणवत्तापूर्ण और सुरक्षित औषधियां उपलब्ध हो सकें।



# दिव्यांग अभ्यर्थियों के लिए 'क्षितिज' योजना शुरू

**सिविल सेवा में मिलेगा आर्थिक प्रोत्साहन**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कोण्डागांव

■ कोंडागांव जिले में समाज कल्याण विभाग की अभिनव पहल

निःशक्त व्यक्ति समान अवसर, अधिकारों का संरक्षण एवं पूर्ण भागीदारी अधिनियम 1995 के तहत, दिव्यांग मेधावी व्यक्तियों को सिविल सेवा प्रतियोगी परीक्षाओं में उत्तीर्ण होने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए क्षितिज–अपार संभावनाएं सिविल सेवा प्रोत्साहन योजना शुरू की जा रही है। इस योजना का उद्देश्य अन्य दिव्यांग व्यक्तियों को प्रतिस्पर्धा के लिए प्रेरित करना और उन्हें आगामी तैयारी के लिए आर्थिक सहयोग प्रदान करना है। उप संचालक समाज कल्याण, जिला कोण्डागांव से प्राप्त जानकारी के अनुसार, इस योजना के लिए 40 प्रतिशत या उससे अधिक दिव्यांगता वाले व्यक्ति पात्र होंगे। आवेदक का छत्तीसगढ़ का निवासी होना अनिवार्य है, और अभ्यर्थी को संघ लोक सेवा आयोग या छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग की प्रतियोगी परीक्षाओं में उत्तीर्ण होना चाहिए। योजना के तहत प्रारंभिक परीक्षा में उत्तीर्ण होने पर 20,000 एकमुश्त, मुख्य परीक्षा में उत्तीर्ण होने पर 30,000 एकमुश्त, संघ छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग में चयन होने पर 50,000 रुपए की एकमुश्त राशि दी जाएगी।

संघ या छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद, आवेदक को वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करना होगा। यदि कोई आवेदक ऑनलाइन आवेदन करने में असमर्थ है, तो वे अपना ऑफलाइन आवेदन संयुक्त व उपसंचालक, समाज कल्याण जिला कार्यालय, कोंडागांव में प्रस्तुत कर सकते हैं।

# पालतू श्वान की जटिल कर्ण रक्तस्राव सर्जरी सफल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कोण्डागांव

■ डॉ. एमबी सिंह के निर्देशन में हुआ दुर्लभ ओथीमेटोमा ऑपरेशन

कोंडागांव जिले के पशु चिकित्सा क्षेत्र में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि दर्ज की गई है। कोंडागांव कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना के एक पालतू श्वान में कर्ण–रक्तस्राव कान में रक्त का जमाव की एक जटिल समस्या का सफल ऑपरेशन किया गया। यह शल्य चिकित्सा उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवाएं कोंडागांव के परिसर में संपन्न हुई। इस जटिल सर्जरी का निर्देशन उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवा डॉ. एम.बी. सिंह ने किया। सर्जिकल टीम में डॉ. ढालेश्वरी, डॉ. दीपिका सिदार और डॉ. आरती मार्सकोले शामिल थीं। इन तीनों चिकित्सकों के समन्वित प्रयासों से यह शल्य चिकित्सा पूरी तरह सफल रही। शल्य क्रिया के दौरान पल्लवी पटेल पशु परिचारिका का भी महत्वपूर्ण सहयोग रहा।



### कर्ण-रक्तस्राव ओथीमेटोमा के बारे में जानकारी

सर्जरी के बाद, डॉ. सुरेंद्र नाग वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी ने कर्ण–रक्तस्राव से जुड़ी चिकित्सकीय जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि यह स्थिति कुत्तों के कानों में रक्त के एकत्र होने से उत्पन्न होती है, जिसे चिकित्सकीय भाषा में ओथीमेटोमा कहते हैं। यह समस्या मुख्यतः सिर झटकने या बार–बार खुजली करने के कारण होती है, जिससे कान की रक्त वाहिकाएं टूट जाती हैं और रक्त कान के मुलायम ऊतकों में जमा हो जाता है। डॉ. नाग ने जोर दिया कि यदि समय पर इसका उपचार न किया जाए, तो इससे कान की बनावट में स्थायी विकृति आ सकती है। जिससे श्वान को दीर्घकालिक पीड़ा का सामना करना पड़ सकता है। इस सफल ऑपरेशन से पशु स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति जिले की प्रतिबद्धता और क्षमता प्रदर्शित हुई है।

## कोंडागांव जिला न्यायालय परिसर में 'मध्यस्थता राष्ट्र के लिए' अभियान पर हुआ मंथन

# मध्यस्थता से मिलेगा त्वरित न्याय, न्यायपालिका पर कम होगा बोझ

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कोण्डागांव

■ न्यायपालिका को सशक्त बनाने की दिशा में अहम पहल

नालसा राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा देशभर में चलाए जा रहे मध्यस्थता राष्ट्र के लिए अभियान के अंतर्गत 4 जुलाई को जिला न्यायालय परिसर कोंडागांव में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। यह बैठक प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोंडागांव की अध्यक्ष श्रीमती किरण चतुर्वेदी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश विक्रम प्रताप चन्द्रा, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रीमती रेशमा वैरागी पटेल, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी शिव प्रकाश त्रिपाठी, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव श्रीमती गायत्री साय, मीडिएटर अधिवक्ता एवं अधिकार मित्रगण उपस्थित रहे।



### अभियान का उद्देश्य

बैठक का उद्देश्य न्यायालयों में लंबित मामलों का मध्यस्थता के जरिए सौहार्दपूर्ण एवं शीघ्र समाधान सुनिश्चित करना था। मध्यस्थता राष्ट्र के लिए अभियान के तहत आगामी 90 दिनों में देश के समस्त तालुका, जिला एवं उच्च न्यायालयों में लंबित मामलों को सुलझाने का लक्ष्य रखा गया है।

### न्याय मिलने की प्रक्रिया तेज : किरण

न्यायाधीश श्रीमती चतुर्वेदी ने कहा कि यह अभियान न्यायिक प्रणाली पर बोझ कम करने के साथ–साथ पक्षकारों को न्याय मिलने की प्रक्रिया को तेज और सरल बनाता है। उन्होंने अधिवक्ताओं से आग्रह किया कि वे मध्यस्थता के लिए उपयुक्त मामलों की पहचान कर न्यायालय को सूचित करें, जिससे आपसी सहमति से विवाद निपटारा संभव हो सके।

### मध्यस्थता को लेकर अधिवक्ताओं की प्रतिक्रिया

अधिवक्ताओं ने इस पहल का स्वागत करते हुए कहा कि मध्यस्थता से विवादों का समाधान न केवल शीघ्र होता है, बल्कि इससे पक्षकारों का समय, श्रम और धन भी बचता है।

### महत्वपूर्ण निर्णय और निर्देश

उपयुक्त मामलों को प्राथमिकता से मध्यस्थता केंद्र को संदर्भित किया जाएगा। पक्षकारों को मध्यस्थता प्रक्रिया, इसके लाभ और प्रभाव के बारे में जागरूक किया जाएगा। अधिकार मित्रें को निर्देशित किया गया कि वे अपने क्षेत्र में शिविर आयोजित कर मध्यस्थता का प्रचार–प्रसार करें, ताकि जनसामान्य को अधिकतम लाभ मिल सके। यह बैठक न्याय व्यवस्था में सुधार और जनता को त्वरित न्याय दिलाने की दिशा में एक प्रभावी कदम माना जा रहा है। नालसा की यह पहल न्यायिक बोझ को कम करने के साथ–साथ सुलह व समझौते की संस्कृति को भी प्रोत्साहित करती है।

## पेज 11 के शेष

### बड़गांव में वार्डपंचो...

हुई, जो जाँच का विषय है और साथ ही आहरित हुई राशि का उपयोग पंचायत में नहीं होने का आरोप लगाया है। शिकायत करने वालों में हीरालाल ध्रुव, सुकदेव हिचामी, जमुनादेवी साहू, पूजा पाल सहित अन्य पूर्व वार्डपंच शामिल रहे। अनुविभागीय अधिकारी पखांजूर टीकाराम देवांगन ने कहा कि ग्राम पंचायत बड़गाँव की लिखित शिकायत मिली है। मानदेय जैसी राशि मे अनियमितता करना गंभीर विषय है। मामले की जाँच की जाएगी और दोष पर कार्रवाही की जाएगी। जनपद सीईओ कोयलीबेड़ा उदय कुमार नाग ने कहा कि बिना हस्ताक्षर के प्रस्ताव कैसे पारित हुआ और राशि कैसे आहरण हो गई, यह जाँच का विषय है। यदि ऐसा हुआ है तो जाँच उपरांत कार्रवाही की जाएगी।

### अंतागढ़ एवं ताड़ोकी...

कमान अधिकारी सुरेश कुमार, अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण एवं जवानों ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया और स्वेच्छा से पौधे रोपित किए। इस अवसर पर अधिकारियों ने स्थानीय नागरिकों से भी अपील किया है कि वे अधिक से अधिक वृक्ष लगाएं और उनके संरक्षण में योगदान देवें। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित अधिकारियों एवं जवानों ने यह संकल्प लिया कि लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल सुनिश्चित किया जाएगा, ताकि वे पूर्ण रूप से विकसित होकर इस क्षेत्र की हरियाली में अपना योगदान दे सकें।

### मोर गांव, मोर...

में वर्षा जल के बहाव से बड़े पैमाने पर मिट्टी कटाव की समस्या उत्पन्न होती थी। अब इन संरचनाओं के निर्माण से न केवल जल संरक्षण होगा, बल्कि मिटटी कटाव की समस्या पर भी स्थायी समाधान मिलेगा। नालों का बहाव धीमा होगा और पानी धीरे-धीरे भूमि में रिसकर भू-जल भंडार को समृद्ध करेगा। उन्होंने जिले के युवाओं, जनप्रतिनिधियों और महिलाओं से इस अभियान में सक्रिय रूप से भाग लेने की अपील की है। इसके साथ ही यह श्रमदान और जनसहयोग के माध्यम से होने वाले कार्यों में सबकी भागीदारी आगामी परियोजनाओं के लिए महत्वपूर्ण सिद्ध होगा।

### डांगरा में पखवाड़े...

को सुधारने ग्राम डांगरा नहीं पहुंचे पा रहे है, जिसके चलते डांगरा के रहवासी आक्रोशित है। ग्रामवासी बृजलाल मरकाम, अघनसिंह नरेटी ने बताया कि पिछले 15 दिनों से ग्राम डांगरा में लो वोल्टेज की समस्या है। बल्ब भी नहीं चल रहे हैं और मोटर पंप भी नहीं चल रहे हैं। मोबाइल का चार्ज करने के लिए 7 किलोमीटर दूर दुर्गूकोंदल जाना पड़ रहा है। पीने के पानी के लिए भी तरस रहे हैं। शासन प्रशासन से हमारी मांग है कि विद्युत विभाग से मैकेनिक भेज कर जल्द से जल्द वोल्टेज की समस्या को सुधार करवाई जाए।

## खबर संक्षेप

### ऑनलाइन शिक्षक प्रशिक्षण का हुआ आयोजन



**बस्तर।** बस्तर जिले के सभी छह विकासखंडों में 3 जुलाई से 7 जुलाई तक पांच दिवसीय नवीन पाठ्यपुस्तक आधारित ऑनलाइन शिक्षक प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण प्राथमिक शालाओं में कार्यरत शिक्षकों को नवीन पाठ्यपुस्तकों की संरचना, नवीन शिक्षण विधियाँ और छात्र केंद्रित अध्यापन के प्रति सजग करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। प्रशिक्षण का संचालन डाइट बस्तर से प्रशिक्षित ब्लॉक रिसोर्स ग्रुप एवं डिस्ट्रिक्ट रिसोर्स ग्रुप द्वारा किया गया। साथ ही एलएलएफ की टीम ने भी प्रशिक्षण में सक्रिय भागीदारी निभाई, विशेषकर भाषा शिक्षण के क्षेत्र में। बस्तर ब्लॉक के 347 स्कूलों को सुचारु संचालन हेतु 5 जोनों में विभाजित किया गया, जिससे प्रशिक्षण अधिक व्यवस्थित और प्रभावी बन सका। ऑनलाइन माध्यम से संचालित इस प्रशिक्षण में शिक्षकों को नई पाठ्यपुस्तकों की विषयवस्तु, शिक्षण की रणनीतियाँ, मूल्यांकन पद्धति, भाषा एवं गणितीय दक्षताओं के उन्नयन जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर मार्गदर्शन मिला। यह प्रशिक्षण राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद के दिशा-निर्देशों के अनुरूप तथा डाइट बस्तर एवं जिला व विकासखंड शिक्षा अधिकारियों के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। यह कार्यक्रम शिक्षकों की शैक्षणिक क्षमता में वृद्धि की दिशा में एक सार्थक प्रयास रहा।

### बीएलओ व सुपरवाइजरों का हुआ प्रशिक्षण

**दंतेवाड़ा।** भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छग रायपुर के निर्देशानुसार फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के लिए बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाइजरों को संयुक्त जिला कार्यालय के भू-तल स्थित सभाकक्ष में आज प्रशिक्षण दिया गया। इसमें विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र दंतेवाड़ा के अंतर्गत आने वाले तहसील बारसूर एबं कुआकोंडा के मतदान केंद्रों में नियुक्त बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाइजर शामिल थे।

## निधन

### डायमंड शर्मा



**जगदलपुर।** विश्वकर्मा समाज उत्थान समिति बस्तर संभाग जगदलपुर के संभागीय अध्यक्ष एवं फर्नीचर, फेब्रिकेशन व्यवसायी, शहर के धरमपुरा निवासी डायमंड शर्मा का रविवार की सुबह निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार शहर के मुक्तिधाम में किया गया। उन्होंने समाज के लिए तन मन धन से सहयोग करते हुए शहर में समाज को एक नई पहचान दिलाई। वे पूर्व में समाज के अध्यक्ष रहने के दौरान अनेक जनहित और समाजहित के काम कराए। उनके आकस्मिक निधन पर समाज ने शोक संवेदना व्यक्त की है।

## बीजापुर में ई-ऑफिस प्रणाली की शुरुआत

# सरकारी कामकाज होगा अब पारदर्शी और कागज रहित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मंशानुसार कलेक्टर संबित मिश्रा के नेतृत्व में बीजापुर जिले में शासकीय कामकाज को अधिक पारदर्शी, सुव्यवस्थित और प्रभावी बनाने के लिए ई-ऑफिस प्रणाली की शुरुआत की गई है। यह पहल डिजिटल इंडिया अभियान की दिशा में एक ठोस कदम है, जो शासन को आधुनिक तकनीकों से जोड़ने और नागरिकों को त्वरित सेवाएं प्रदान करने का मार्ग प्रशस्त करेगा। ई-ऑफिस एक डिजिटल प्लेटफॉर्म है जो शासकीय कार्यालयों में कागज रहित कामकाज को बढ़ावा देने के उद्देश्य से तैयार किया गया है। इस प्रणाली के माध्यम से अब जिले के सभी सरकारी कार्यालयों में कार्यालयीन कार्य डिजिटल रूप से संचालित होंगे।



### ई-ऑफिस प्रणाली के प्रमुख लाभ

**कागज रहित प्रक्रिया:** फाइलों, नोट्स और दस्तावेजों को डिजिटल माध्यम में संरक्षित किया जाएगा, जिससे पर्यावरण संरक्षण में भी योगदान मिलेगा।

**बेहतर कार्य कुशलता:** सभी फाइलें और कार्य डिजिटल रूप से ट्रैक होंगे, जिससे समय की बचत होगी और कार्य जल्दी निपटेंगे।

पारदर्शिता में वृद्धि: पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन होने से किसी भी तरह की गड़बड़ी या भ्रष्टाचार की गुंजाइश कम होगी।

**सुरक्षा सुनिश्चित:** डिजिटल डेटा को संरक्षित रखने के लिए मजबूत सुरक्षा उपाय अपनाए गए हैं।

### ई-ऑफिस के प्रमुख कार्य

**डिजिटल दस्तावेज प्रबंधन:** नोटशीट, रिपोर्ट, पत्राचार आदि अब डिजिटल रूप में उपलब्ध रहेंगे।

**कार्यालयीन कार्य प्रबंधन:** कार्यों को असाइन करने, ट्रैक करने और रिपोर्ट तैयार करने जैसी सभी गतिविधियाँ ऑनलाइन होंगी।

**संचार और सहयोग:** विभागों के बीच बेहतर संवाद और समन्वय संभव होगा, जिससे टीम वर्क और दक्षता में सुधार आएगा

**ई-ऑफिस का व्यापक महत्व:** यह प्रणाली जिले के सरकारी कार्यालयों में कामकाज की गुणवत्ता सुधारने में सहायक होगी।

डिजिटल इंडिया अभियान के तहत यह एक क्रांतिकारी कदम है जो प्रशासन को तकनीकी रूप से सशक्त बनाएगा। इससे कार्यालयीन उत्पादकता में भी उल्लेखनीय वृद्धि होगी, जिससे नागरिकों को लाभ मिलेगा। कलेक्टर संबित मिश्रा ने बताया कि ई-ऑफिस प्रणाली से न केवल कार्यालय का संचालन तेज और पारदर्शी होगा, बल्कि इससे जनता का विश्वास भी शासन व्यवस्था में और अधिक मजबूत होगा। अब बीजापुर जिला भी प्रशासनिक तकनीकी बदलाव की दिशा में कदम बढ़ा चुका है कागज से क्लिक की ओर।

## बीज और उर्वरकों की गुणवत्ता जांच के लिए निरीक्षण अभियान



**बीजापुर।** किसानों को गुणवत्तायुक्त बीज और रासायनिक उर्वरक उपलब्ध कराने के उद्देश्य से बीजापुर जिले में निरीक्षण अभियान चलाया जा रहा है। उपसंचालक कृषि के निर्देशानुसार यह निरीक्षण जिले की सभी आदिम जाति सेवा सहकारी समितियों लैम्पस एवं निजी कृषि सेवा केंद्रों में किया जा रहा है। इस अभियान के तहत सहायक संचालक कृषि कृष्ण कुमार सिन्हा एवं निरीक्षक श्रीनिवास मरकेला द्वारा समितियों एवं केंद्रों का भौतिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान स्टॉक पंजी, भंडारण व्यवस्था और वितरण पंजी की सूक्ष्मता से जांच की गई और आवश्यक जानकारी संकलित की गई। केंद्रों से उर्वरक और बीज के नमूने एकत्र कर प्रयोगशाला परीक्षण के लिए भेजे गए हैं, ताकि उनकी गुणवत्ता की पुष्टि की जा सके।

## स्काउट गाईड ने एक पेड़ मां के नाम पर किया पौधरोपण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर

शासकीय हाई स्कूल टाकरागुड़ा विकासखंड बस्तर में स्वच्छता प्रभारी मीना भदौरिया एवं स्काउट गाईड प्रभारी भीमेश्वरी देवांगन के मार्गदर्शन में एक पेड़ मां के नाम के तहत आज स्काउट गाईड द्वारा पौधारोपण किया गया। संस्था में उपस्थित सभी बच्चों ने भी संकल्प लिया कि हम पौधे की सुरक्षा और नुकसान होने से बचाएंगे। प्राचार्य राजकिशोर तिवारी ने बताया कि प्रकृति हमारी मां है जिस प्रकार मां अपने बच्चों की देखभाल करती है उसी प्रकार प्रकृति के सानिध्य में रहकर हम पौधे की रक्षा करेंगे। पर्यावरण प्रदुषित न होने पाए इसलिए अधिक से अधिक पौधा लगाएंगे और उन्हें सुरक्षा प्रदान करेंगे। पौधे से रोजगार के अवसर भी सृजित होते है जिससे आमदनी भी होती है और परिवार के भरण पोषण और आजीविका में सहायक भी होते है। इसलिए जन-जन को जागरूक कर उन्हें प्रोत्साहित भी करेंगे। तभी एक पेड़ मां के नाम को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। पौधारोपण के दौरान संध्या साव,रजनी तिवारी, गमेश सिंह, चैन सिह ठाकुर एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## एकलव्य विद्यालय परिसर में रोपे गए पौधे



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के राज्य मुख्य आयुक्त डॉ. सोमनाथ यादव एवं राज्य सचिव कैलाश सोनी आदेशानुसार, जिला शिक्षा अधिकारी एसके अम्बस्ट, जिला आयुक्त श्याम लाल शोरी, शैनी रविन्द्र (सहायक राज्य आयुक्त गाइड) मार्ग दर्शन में एकलव्य विद्यालय परिसर दंतेवाड़ा में एक पेड़ माँ के नाम वृक्षारोपण कार्यक्रम विद्यालय प्राचार्य के उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर जिले के स्काउट, गाइड्स पदाधिकारी एवं स्काउट्स एवं गाइड्स मौजूद थे। इसके साथ ही उक्त वृक्षारोपण कार्यक्रम में प्रकृति की सुरक्षा संबंधी शपथ समस्त स्काउट्स एवं गाइड्स द्वारा लिया गया।

## डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जीवन मूल्यों को आत्मसात करें कार्यकर्ता : मिश्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

भारतीय जनता पार्टी ने रविवार को जनसंघ के संस्थापक डा.श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जन्म जयंती पर उन्हें याद किया और नमन करते भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। जिला कार्यालय में पूर्व व पश्चिम नगर मंडल द्वारा संयुक्त रुप से कार्यक्रम आयोजित किया गया ।



डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के तैलचित्र पर माल्यार्पण किया गया। अपने संबोधन में मुख्य वक्ता जिला उपाध्यक्ष श्रीनिवास मिश्रा ने कहा कि कार्यकर्ता उनके बताये मार्ग व उनके जीवन मूल्यों को आत्मसात करें। उनके आदर्शों को अपना कर विचारों को साकार रूप प्रदान करना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। जिला अध्यक्ष वेद प्रकाश पाण्डेय ने कहा कि जनसंघ के संस्थापक डा. मुखर्जी का सम्पूर्ण जीवन हम कार्यकतार्ओं के लिये प्रेरणा हैं। संगठन को गढ़ने व नई ऊंचाइयों तक पहुचानें उनके विचारों को समझे, उस पर चलते हुये आगे बढ़े। पश्चिम मण्डल उपाध्यक्ष योगेश शुक्ला ने विचार रखे। संचालन अतुल सिम्हा ने व आभार प्रदर्शन सुधा मिश्रा ने किया। कार्यक्रम में योगेन्द्र पाण्डेय, अश्विन सरडे, आर्येन्द्र आर्य,राजेन्द्र बाजपेयी, आलोक अवस्थी, दशरथ गुप्ता, गायत्री कश्यप, बृजेश शर्मा, बी जयराम, दंतेश्वर राव, संग्राम सिंह राणा, त्रिवेणी रंधारी, माहेश्वरी ठाकुर, निर्मल पाणिग्रही, दिगम्बर राव, दिनेश पाणिग्रही, संतोष बाजपेयी, अभय दीक्षित, राजेश श्रीवास्तव, दिलीप झा, श्याम सुंदर बघेल, राजपाल कसेर, कलावती कसेर, रोहित त्रिवेदी, हरीश पारेख,पितामह नायक सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## मुस्लिम समाज के युवाओं ने लोगों को पिलाया शरबत...



**जगदलपुर।** मोहर्रम के मौके पर कोतवाली चौक में मुस्लिम समाज के युवाओं ने स्टॉल लगाकर लोगों को शरबत पिलाया। इस मार्ग से आने जाने वालों ने शरबत पीकर उनके पहल की सराहना की।

## मतदाताओं को नागरिकता साबित करने के फरमान से चुनाव आयोग कठघरे में : जैन



**जगदलपुर।** बिहार के मतदाताओं को अपनी नागरिकता साबित करने के फरमान से चुनाव आयोग कटघरे में है। पूर्व विधायक व बिहार चुनाव के पर्यवेक्षक रेखचंद जैन ने चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने इसे अलोकतांत्रिक तथा गैर वाजिब बताया है। जारी बयान में कहा है कि विधानसभा चुनाव के लिए आयोग ने जो मतदाता सूची तीन माह पूर्व जारी किया था, उसे मान्य किया जाना चाहिए। समूचे बिहार के मतदाताओं को अपनी नागरिकता साबित करने कहा जा रहा है। एक माह में करीब नौ लाख लोगों से उनकी नागरिकता के लिए 11 प्रकार के दस्तावेजों की मांग करने से लोग निराश- परेशान हैं। जिस आधार कार्ड, राशन कार्ड, जॉब कार्ड की विभिन्न प्रतिष्ठानों के द्वारा मान्यता रही है, उन्हें खारिज किया गया है। पूर्व विधायक जैन ने प्रति प्रश्न करते कहा है कि अगर पूर्व की सूची में सम्मिलित उनके नाम गलत हैं तो उसी सूची के आधार पर कराए गए चुनाव कैसे वैध हो सकते हैं।

## धैर्य व एकाग्रता से जीती बाजी...



**जगदलपुर।** जिला शतरंज संघ जगदलपुर के द्वारा रविवार को इंदिरा प्रियदर्शिनी स्टेडियम में आयोजित संभाग स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता में स्कूली बच्चों के साथ महिला/पुरुषों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कुल पांच वर्गो में लगातार 6 राउंड तक शय और मात की बाजी बिसात पर चलती रही। अपने धैर्य और एकाग्रता का परिचय देते हुए अंडर 9 बॉयज में वेदांत शुक्ला, अंडर 9 गर्ल्स में अनुष्का कुमारी, अंडर 12 बॉयज में मादवी देव, अंडर 12 गर्ल्स में तराना सारथी, अंडर 15 बॉयज में गर्व बनिक, अंडर 15 गर्ल्स में आद्या पाढ़ी, बॉयज ओपन में अनुराग जैन, गर्ल्स ओपन में अलंकृत मोहराणा, अंडर 19 बॉयज में यशिष्ठ पाशा एवं अंडर 19 गर्ल्स में चेतना सोलंकी विजेता रहीं। वरिष्ठ खिलाड़ी का विशेष पुरस्कार 72 वर्षिय अशोक तिवारी को दिया गया।

# आयुष्मान कार्ड में 5 लाख तक इलाज की मुफ्त सुविधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोंटा



कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशानुसार नियद नेल्लानार योजनान्तर्गत चयनित ग्रामों एवं नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में विभिन्न शासकीय योजनाओं एवं सुविधाओं से ग्रामीणों को लाभान्वित किये जाने हेतु सुविधा शिविर एवं धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान का आयोजन किया जा रहा है। इसी तारतम्य में शिविर में ग्रामीणों के आयुष्मान कार्ड और वय वंदन आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। आयोजन के सफल क्रियान्वयन हेतु 8 जुलाई से 31 जुलाई तक चिन्हांकित स्थानों में सुविधा शिविर का आयोजन किया जायेगा। शिविर में स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों के द्वारा आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना एवं शहीद वीर नारायण स्वास्थ्य सहायता योजना अंतर्गत आयुष्मान कार्ड बनाया जा रहा है। आयुष्मान कार्ड के द्वारा परिवार में प्रत्येक सदस्य को पांच लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज सुविधा उपलब्ध कराती है। इसके साथ ही वय वंदना कार्ड योजना के अंतर्गत 70 से अधिक उम्र के बुजुर्गों को प्रति व्यक्ति 5 लाख रुपये की मुफ्त इलाज सुविधा प्रदान करती है।

कोंटा विकासखंड में 8 जुलाई से 10 जुलाई तक रायगुड़ा में शिविर लगाया जाएगा जिसमे चिमलीपेंटा, सुरपनगुड़ा और मोरपल्ली के ग्रामीण शामिल होंगे। इसी प्रकार 15 जुलाई से 17 जुलाई तक सालातोंग में शिविर आयोजित किया जाएगा जिसमें पोटकपल्ली, पालाचलमा और पेंटापाड़ के ग्रामीण शामिल होंगे। 23 से 27 जुलाई तक दुलेड़ में आयोजित शिविर में दुलेड़, बुरकापाल और एल्मागुंडा के ग्रामीण शामिल होंगे। 29 से 31 तक गोलापल्ली में आयोजित शिविर में सिंगाराम, क्रिस्टाराम, गंगलेर और मेहता के ग्रामीण शामिल होंगे।

छिंदगढ़ और सुकमा विकासखंड सहित सम्पूर्ण जिले में 5 जुलाई से लगातार घर घर भ्रमण कर और शिविर लगाकर आयुष्मान कार्ड बनाये जा रहे हैं। जिला प्रशासन के द्वारा ग्रामीणों को अधिक से अधिक संख्या में शिविर में उपस्थित होकर शासकीय योजनाओं का लाभ लेने का अनुरोध किया गया है।

# पंचायतों में सचिवों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण : बघेल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर

विकासखंड मुख्यालय स्थित जनपद पंचायत बस्तर के सभागार कक्ष में आज ग्राम पंचायत सचिव संघ का स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर जनपद अंतर्गत अधिकांश ग्राम पंचायतों के सचिवों ने भाग लिया और संघ की मजबूती तथा अपने अधिकारों की रक्षा को लेकर विचार साझा किए। कार्यक्रम में जनपद पंचायत अध्यक्ष संतोष कुमार बघेल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि ग्राम पंचायतों में सचिवों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। वे दिन-रात मेहनत करके सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को गाँव के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में लगे रहते हैं। उनका कार्य सराहनीय और संघर्षमय होता है। कार्यक्रम को जनपद सीईओ भानुप्रताप चुरेंद्र ने भी सचिवों की कार्य को लेकर सराहना की।

### सेवानिवृत्ति सचिव का किया गया सम्मान

सचिव कृष्णचंद्र पानीग्राही 30 जून को सचिव पद से सेवानिवृत हुए थे। उनको सचिव दिवस के अवसर पर साल, श्रीफल स्मृति चिन्ह व 25 हजार रूपये राशि एकत्र कर उनको सम्मानित किया गया।

इस दौरान पूर्व उपाध्यक्ष मोहन मौर्य, सरपंच लक्ष्मण कश्यप, जनपद पंचायत बस्तर सीईओ भानुप्रताप चुरेन्द्र, पंचायत निरीक्षक दिनेश साहू, सचिव संघ अध्यक्ष रूपसिंह बघेल, पिलासिँह ठाकुर, जोगेंद्र पांडे, ललित बघेल, गंगूराम कुर्रे, हेमधर ठाकुर, जगदीश कश्यप, कन्हैई राम कश्यप, भीम बघेल, लक्ष्मीनाथ निषाद पीलानाथ मौर्य, कमल भद्रे, मदन बघेल, नेहरू मौर्य, हुकुम सिंह ठाकुर, पुनीता शार्दुल, दीपिका गांवर, पुनम नेताम, सरिता ठाकुर,दयामनि नाग,सूर्या यादव, पारेश्वरी कश्यप, पुष्पलता ठाकुर एवं काफी संख्या में सचिव जनपद पंचायत के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## सचिव संघ ने मनाया स्थापना दिवस



**बकावंड।** विकासखंड मुख्यालय बकावंड में आज ग्राम पंचायत सचिव संघ का स्थापना दिवस मनाया गया। सभी उपस्थित सचिवों ने अपने संघ और अपने हितों की रक्षा हेतु अपने-अपने विचार रखे। बकावंड जनपद पंचायत अंतर्गत आने वाली प्रायः सभी ग्राम पंचायतों के सचिव स्थापना दिवस कार्यक्रम में शामिल हुए। जनपद पंचायत अध्यक्ष सोनवारी भद्र, उपाध्यक्ष तरुण पांडे, जनपद सदस्य अनिल बिसाई, खीजवती, भोलानाथ संरपच राजनगर, सचिव संघ अध्यक्ष रमेश ठाकुर और ग्राम पचायतों के सभी सचिव उपस्थित थे।

# हैंडबॉल में प्रवीण ने जीता स्वर्ण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| लोहंडीगुड़ा

राष्ट्रीय स्कूल खेल हैंडबॉल प्रतियोगिता का आयोजन महासमुंद में किया गया। जिसमे भाग लेने के लिए पीएम श्री स्वामी आत्मानंद स्कूल लोहंडीगुड़ा के कक्षा 8 का छात्र प्रवीण नाग पिता कुर्सो राम नाग ने भाग लिया था। प्रवीण के खेल कौशल और अपनी प्रतिभा का परिचय देते हुए सभी खिलाड़ियों को पछाड़ते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। उनके इस उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए उन्हें स्वर्ण पदक के साथ साथ 21000 रुपये का इनाम चेक स्वरूप दिया गया। यह इनाम विद्यालय स्तर पर एसएमडीसी अध्यक्ष बसंत कश्यप और खंड शिक्षा अधिकारी शालिनी तिवारी प्राचार्य अशोक खापर्डे के द्वारा प्रदान किया गया।

प्रवीण नाग की यह उपलब्धि का श्रेय खेल प्रशिक्षक अभिजीत तिवारी को जाता हैं। यह शाला के लिए बहुत ही गौरव की बात है और बाकी सभी विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा दायक है।

## खबर संक्षेप

### एक दिवसीय प्लेसमेंट कैम्प 16 जुलाई को

**कांकेर।** एक दिवसीय प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र कोडेजुंगा में 16 जुलाई को सुबह 11 से अपरान्ह 03 बजे तक किया जाएगा। जिला रोजगार अधिकारी ने जानकारी दी है कि निजी क्षेत्र के नियोजकों द्वारा कुल 271 रिक्तियां के आधार पर भर्ती की जाएगी। उक्त प्लेसमेंट कैम्प में सिक्यूरिटी गार्ड के 200 पद, सिक्योरिटी सुपरवाइजर के 10, गनमेन के 10, बीमा सखी (महिला) के 25, वेल्डर के 10, फिटर के 06 और हेल्फर के 10 रिक्त पदों पर भर्ती की जाएगी। प्राप्त आवेदनों के आधार पर नियोक्ता द्वारा प्राथमिक चयन कर साक्षात्कार लिया जाएगा, जिसकी सूचना पृथक से फोन के माध्यम से आवेदक को दी जाएगी।

### गीदम-बारसूर मार्ग पर जिस गड्ढे ने ली युवक की जान, अब तक नहीं भरा गया

**गीदम।** गीदम बारसूर मार्ग पर जिस जानलेवा गड्ढे ने लगभग 3 महीने पहले गीदम के युवक की जान ले ली वह गड्ढे आज तक नहीं भरे गए। हालांकि गीदम बारसूर सड़क पर सिर्फ एक ही गड्ढे नहीं कई सारे गढ्ढे हैं लेकिन हीरानार में यह सबसे घातक व जानलेवा गढ्ढा माना जा रहा है जहां आए दिन सड़क हादसे हो रहे है। बताया जा रहा है कि लगभग 3 महीने पहले एक कार इसी गढ्ढे की वजह से अनियत्रित हो गई थी जिसके बाद कार पुल के निचे जा गिरी थी, गीदम थाना में यह मामला आया था, इस घटना से गीदम के एक युवक की मौके से पर ही मौत हो गई थी जबकि अन्य घायल थे। गौरतलब है कि दन्तेवाड़ा जिले का बारसूर एक प्रमुख पर्यटन स्थल है जहां सैकड़ो की संख्या में लोग इसी सड़क से आवाजाही करते है, लेकिन सड़क पर जगह जगह गढ्ढे होने पर बाहर से आने वाले राहगीरों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। लोगो की माने तो यहाँ से जनप्रतिनिधि भी रोज आवाजाही करते है लेकिन सड़क मरम्मत को लेकर किसी के द्वारा दिलचस्पी नही दिखाई जा रही है। इस मामले में अनुविभागीय अधिकारी लोक निर्माण विभाग गीदम से सम्पर्क करने की कोशिश की गई लेकिन उनसे मोबाइल कवरेज से बाहर होने के कारण सम्पर्क नही हो सका।

### वेलकम पार्टी में सीनियर्स छात्रों ने किया उत्साह वर्धन

**बास्तानार।** एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय कोड़ेनार ब्लाक बास्तानार में सोमवार को कक्षा छठवीं में प्रवेश पाने वाले विद्यार्थियों का सीनियर विद्यार्थियों ने स्वागत किया। बच्चों को फूलों की माला पहनाकर तथा गुलदस्ता देकर खुशी जाहिर की। प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण कर अभ्यर्थियों ने प्रवेश सूची अनुसार विद्यालय में दाखिला पाया। जिससे विद्यालय प्रांगण में स्थित छात्रावास में रहकर ये बच्चे सम्पूर्ण शिक्षा ग्रहण करेंगे। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने पूजा अर्चना करते हुए तिलक लगाकर स्वागत गीत प्रस्तुत किया और बच्चों को छात्रावास के नियमों का पालन करने रोचक तरीके से प्रस्तुत किया। प्राचार्य ने बच्चों को शुभकामनाएं देते मेहनत कर भविष्य को उज्ज्वल बनाने का मूल मंत्र दिया। इस अवसर पर विद्यालय के स्टाफ सहित छात्र-छात्राएं व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

**आयोजन :** जनपद सचिवों ने रखी चुनौतियां, किया अधिकार व दायित्व का संतुलित आह्वान

# सचिव दिवस पर संगठनात्मक एकजुटता सम्मान और प्रेरणा का बना ऐतिहासिक क्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरोना

जनपद पंचायत नरहरपुर में सचिव दिवस के अवसर पर प्रेरणादायक आयोजन हुआ, जो सचिवों की संगठनात्मक शक्ति, प्रशासनिक प्रतिबद्धता और सामाजिक उत्तरदायित्व का जीवंत उदाहरण बना। सचिव संघ नरहरपुर द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में न केवल जनपद क्षेत्र के लगभग सभी पंचायत सचिवों ने भारी संख्या में भाग लिया, बल्कि कई वरिष्ठ अधिकारीगण की उपस्थिति ने इस आयोजन को और अधिक गरिमा प्रदान की।

कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रगान एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया। इस अवसर पर करारोपण अधिकारी राजेश कुंजाम, कार्यक्रम अधिकारी राहुल तारक, विकास प्रसाद एवं वरिष्ठ प्रशासक केएम सिद्दीकी ने सचिवों को सम्बोधित करते हुए उनकी भूमिका को विकास का आधार बताया। उन्होंने कहा कि सचिव ही गांव की योजना, व्यवस्था और बदलाव के वास्तविक वाहक होते हैं। उनकी सक्रियता ही शासन की नीतियों को जमीन पर आकार देती है। सचिव संघ नरहरपुर के ब्लॉक अध्यक्ष संजय कलिहारी ने सचिवों की वर्तमान स्थिति, चुनौतियों एवं अधिकारों के बारे में विस्तार से



बात की। उन्होंने सचिवों की कार्यभार वृद्धि, तकनीकी चुनौतियों, और समयबद्ध योजनाओं के निष्पादन के दबाव जैसे विषयों को रखते हुए कहा कि सरकार को सचिवों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए उनके हित में निर्णय लेना चाहिए। उन्होंने सचिवों से आव्हान किया कि वे एकजुट रहें, संगठित होकर अपने अधिकारों के लिए आवाज़ उठाएं और साथ ही अपने कर्तव्यों का भी पूरी निष्ठा से निर्वहन करें। कार्यक्रम में कई सचिवों ने अपने व्यक्तिगत अनुभव साझा किए, जिसमें उन्होंने पंचायत संचालन की जमीनी सच्चाइयों, सीमित संसाधनों में काम करने की कठिनाइयों और प्रशासन से अपेक्षित सहयोग की बात को रखा। सचिवों ने मांग की कि पंचायत सचिवों को तकनीकी संसाधनों के साथ-साथ, सुरक्षा और सम्मान का वातावरण भी प्रदान किया जाए। कार्यक्रम के अंत में सभी सचिवों ने हाथ उठाकर यह संकल्प लिया कि वे ग्रामीण विकास की गति को बनाए रखने के लिए हर परिस्थिति में ईमानदारी, पारदर्शिता और सेवा-भाव से कार्य करेंगे। सचिवों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित भी किया गया।

#### ये रहे उपस्थित

आयोजन में क्षेत्र के हर पंचायत से सचिवों ने भाग लिया, जिनमें मनीराम सलाम, प्रभुराम मंडावी, विष्णु सिन्हा, भागेश साहू, अभिषेक पटेल, दिनेश भूआर्य, प्रफुल्ल साहू, हीरा नेताम, दयालु खंडा, कमलेश कुमार जुरी, मनूराम नेताम, यशवंत जैन, फरस भास्कर, कन्हैयालाल साहू, रमेशकुमार पटेल, अनिरुद्ध जैन, धरमचंद सोनबेर, हिरदेलाल जैन, मनीराम कोराम, बालीराम भास्कर, धानीराम कुंजाम, कपिल यादव, श्यामसाय नरेटी, ब्रिजलाल मरकाम, संतोष निषाद, संतोष कुमार लोनहारे, मिलन सिंह, फिरतु राम, गुपतेशवरीगुरु, नैन देवांगन, मिना सिन्हा, बिनेशवरी मरकाम सहित अन्य सचिव उपस्थित रहे।

#### सचिव स्थापना दिवस एवं सम्मान समारोह आयोजित



**भानुप्रतापपुर।** होटल तरासा में सचिव संघ भानुप्रतापपुर द्वारा 7 जुलाई को सचिव स्थापना दिवस एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि अनुविभागीय अधिकारी गंगाधर वाहिले, विशेष अतिथि तहसीलदार सुरेंद्र उर्वसा, जनपद सीईओ जीएल चुरेन्द्र एवं अशोक ठाकुर की गरिमामयी उपस्थिति में दीप प्रज्वलन एवं पूजा-अर्चना के साथ हुआ। मुख्य अतिथि ने कहा कि महत्वपूर्ण योजनाएं समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में ग्राम सचिवों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। पंचायत व्यवस्था की रीढ़ माने जाने वाले सचिव ही गांव के विकास कार्यों का संचालन करते हैं। आप लोग 1995 से पंचायत कर्मी के रूप में कार्य कर रहे हैं, तब मात्र 500 मानदेय मिलता था। फिर भी आपने सेवाभाव से कार्य जारी रखा। सरकार की योजनाएं सचिवों के बिना आम जनता तक नहीं पहुंच सकतीं। आप यदि अपने कार्य को खुद का कर्तव्य मानकर करेंगे, तो परिणाम और भी बेहतर होंगे। सरकार आपकी मांगों को गंभीरता से लेकर उन्हें अवश्य पूरा करेगी। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सचिव संघ के अध्यक्ष कृष्णा कावड़े, रघुवर साहू, दुकालू गोठा, दीनानाथ वट्टी, रामकरण सिन्हा, पूनम दर्रो, निधि राजपूत, केशा राम कोरेटी, अनिल पटेल, बरन सिंह ऑचला, बरसन सलाम, तुलसी यद्धु, धनाजी ठाकुर, गीता राम निषाद व अन्य लोग उपस्थित रहे।

### विहिप, बजरंग दल ने किया सामूहिक रक्तदान

**जगदलपुर।** विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल ने सेवा सप्ताह कार्यक्रम के तहत महारानी अस्पताल में सामूहिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों ने रक्तदान किया, जो समाज के प्रति उनकी सेवा और सहयोग की भावना को दशार्ता है। कार्यक्रम में विभाग मंत्री रवि ब्रह्माचारी,बजरंग दल विभाग प्रमुख सिकंदर कश्यप,विशेष समर्क प्रमुख योगेंद्र कौशिक,जिलाध्यक्ष शंकर लाल गुप्ता,जिला मंत्री अमन शर्मा, जिला सेवा विभाग प्रमुख अनिल अग्रवाल,जिला संयोजक मुन्ना बजरंगी,जिला गौ रक्षा संवर्धन प्रमुख विष्णु ठाकुर, बस्तर प्रखंड अध्यक्ष विवेक शुक्ला, नगर मंत्री विक्रम सिंह ठाकुर, नगर संयोजक भवानी सिंह चौहान,नगर सह विधार्थी प्रमुख पवन राजा,सह साप्ताहिक मिलन प्रमुख अभिषेक,नगर सुरक्षा प्रमुख शुभम सिंह,नगर सह गौ रक्षा प्रमुख सुदेश,शत्रुघ्न, सुंदर,तमिस, अमन,अंशु,अंशुल, जशवंत, काशी कुंदन सहित कई प्रमुख पदाधिकारी शामिल हुए। इस कार्यक्रम का उद्देश्य रक्तदान के महत्व को बढ़ावा देना और जरूरतमंद मरीजों के लिए रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करना है। विश्व हिन्दू परिषद और बजरंग दल के इस प्रयास की सराहना की जानी चाहिए और हमें भी ऐसे आयोजनों में भाग लेकर समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभानी चाहिए।

## किसानों के ऑनलाइन पंजीयन के लिए जारी हुआ एग्रीस्टैक पोर्टल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

भारत सरकार द्वारा किसानों के लिए ऑनलाइन पंजीयन हेतु एग्रीस्टैक नामक पोर्टल जारी किया गया है, जिसमें किसानों का ई-पंजीयन कराना अनिवार्य है। एग्रीस्टैक पर छत्तीसगढ किसान रजिस्ट्री एक डिजिटल पटल है, जिसका उद्देश्य छत्तीसगढ में किसानों के लिए सरकारी योजनाओं तक पारदर्शी, कुशल और त्वरित पहुंच सुनिश्चित करना है।

जिला खाद्य अधिकारी ने बताया कि और पीएम किसान, किसान क्रेडिट कार्ड, फसल बीमा और राज्य सरकार की कृषि सब्सिडी के लिए आवेदन कर सकते हैं। कांकेर जिले में कुल पीएम किसान संख्या 121357 है, जिसमें 81271 किसान एक्टिव पी.एम. किसान है। जुलाई तक 60592 किसानों द्वारा पंजीयन कराया गया है जो एक्टिव पीएम किसान के आधार पर 74.55 प्रतिशत तथा कुल पी.एम किसान के आधार पर 49.93 प्रतिशत किसानों के द्वारा एग्रीस्टैक पोर्टल में पंजीयन कराया गया है। विशिष्ट किसान पहचान पत्र आधार, भूमि रिकार्ड और बैंक विवरण को जोड़ता, सरकार योजनाओं तक आसान पहुच किसान, पी.एम. किसान, के.सी.सी., राशनकार्ड और सब्सिडी के लिए डिजिटल रूप से आवेदन कर सकते है,. प्रत्यक्ष लाभ अंतरण सरकारी सब्सिडी सीधे बैंक खातों में जमा, भुईयां सी.जी के साथ एकीकरण किसान भूमि स्वामित्व का सत्यापन और अभिलेख अद्यतन करना, आगामी खरीफ वर्ष में धान उपार्जन में सुविधा हो सकता है। उन्होंने बताया कि जिले में कुल 650 लोकसेवा केन्द्र एवं 70 लैम्पस में यह सुविधा उपलब्ध है। आगामी खरीफ वर्ष 2025-26 में एग्रीस्टैक में पंजीकृत किसान ही अपना धान समितियों में विक्रय कर सकेगें। इसी पोर्टल में पंजीयन के आधार पर ही छत्तीसगढ शासन द्वारा किसानों से धान की खरीदी की जायेगी।

#### पंजीयन के लिए आवश्यक दस्तावेज

आधार कार्ड, भुइयां सी.जी. भूमि रिकार्ड (बी-1/खसरा खतौनी), बैंक पासबुक, मोबाईल नम्बर, पासपोर्ट साईज का फोटो, एग्रीस्टैक में पंजीयन सुविधा हेतु किसान नजदीकी चॉइस सेंटर या लोकसेवा केन्द्र एवं सहकारी समितियों में सभी आवश्यक दस्तावेज के साथ जाकर पंजीयन करा सकते हैं।



## खाद्य निरीक्षक ध्रुव का तबादला पीडीएस विक्रेता संघ ने दी विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

विकासखंड भानुप्रतापपुर के खाद्य निरीक्षक का तबादला जांजगीर चंपा में हो गया। इसके बाद भानुप्रतापपुर और दुर्गूकोंदल विकासखंड के पीडीएस दुकान के विक्रेता संघ ने शैलेंद्र ध्रुव को सम्मान स्मृति चिन्ह देकर विदाई दिया गया। खाद्य निरीक्षक ने कहा मैने जिले के भानुप्रतापपुर, दुर्गूकोंदल, कोयलीबेड़ा विकासखंड में कार्य किया। इस दौरान सबसे ज्यादा भानुप्रतापपुर में कार्य किया। विक्रेता किशन सोनी ने कहा खाद्य निरीक्षक के कार्यो से सभी विक्रेताओं में सामंजस्य रहा है, भरपूर सहयोग मिला। यहां जिस तरह से काम किया वहां भी ऐसा ही कार्य करते रहे। शैलेन्द्र ध्रुव को संघ के द्वारा स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया गया। इस मौके पर सुरेश भंडारी, बिहारी सिन्हा, कन्हैया पात्र, शोधन चरेंद्र, सुमंत सिन्हा, बीरेंद्र कोरेटी, बाबूलाल यादव सहित दोनो विकासखंड के विक्रेता उपस्थित रहे।

## प्रवेशोत्सव में छात्रों को अतिथियों ने किया प्रोत्साहित, टॉप टेन में आने के दिए टिप्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर





शाला प्रवेश उत्सव 7 जुलाई को संबलपुर के सरस्वती शिशु मंदिर में मनाया गया, जिसमें मुख्य अतिथि अनीता रावटे ग्राम पंचायत संबलपुर एवं अध्यक्षता नलिनी प्रभा बाजपेयी अध्यक्ष शाला प्रबंधन सरस्वती शिशु मंदिर संबलपुर, विशिष्ट अतिथि पारसमल बोथरा, डाक्वर मिश्रा, मिथिलेश चांडक, व्यवस्थापक सरस्वती शिशु मंदिर संबलपुर,व समिति सदस्य की आतिथ्य में हुआ।

मुख्य अतिथि सरपंच ने अपने उद्बोधन में आने वाले वर्ष में राज्य टाप टेन में स्थान बनाने का लक्ष्य रखने के लिए कहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही नलिनी प्रभा बाजपेयी ने कहा कि बच्चे शुरू से ही अपने रूचि अनुसार विषय का चयन करें, ताकि लक्ष्य प्राप्ति में किसी प्रकार की समस्या का सामना करना न पड़े। विशिष्ट अतिथि पारसमल बोथरा ने बच्चों को टापर बच्चों का अनुसरण करने की नसीहत दी। कार्यक्रम में आमंत्रित अतिथियों द्वारा नवप्रवेशी बच्चों का तिलक लगा कर एवं मुंह मीठा कराकर स्वागत किया गया। प्राचार्य खिलेश्वर साहू ने सभी नवप्रवेशी बच्चों का शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में शाला परिवार की ओर से स्वागत, वंदन, अभिनंदन किया। सभी बच्चों से कहा कि अच्छे पढ़ाई कर अपने माता-पिता, गांव, व विद्यालय का नाम रोशन करें। शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में पंकज यादव , करण वर्मा , चुन्नीलाल खोबरागड़े, परीक्षित यदु , दुर्गा यदु, हेमलता खोबरागड़े, रितु यादव, चंद्रकला जैन, कविता साहू, सविता कुलदीप, मनीषा आमला एवं विद्यालय के समस्त स्टाफ उपस्थित रहे। कार्यक्रम का मंच संचालन शिओम यदु ने किया।

## स्कूल प्रांगण में किया फलदार एवं छायादार पौधों का रोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गूकोंदल

विकास खंड दुर्गूकोंदल अंतर्गत ग्राम पंचायत दमकसा में 7 जुलाई को शाउमावि दमकसा में एक पेड़ मां के नाम के तहत जनभागीदारी समिति एवं यूथ एंड इको क्लब के द्वारा स्कूल प्रांगण में वृक्षारोपण किया गया। पर्यावरण संवर्धन विकास वातावरण पर आधारित एवं पर्यावरण को संतुलन बनाने के लिए फलदार एवं छायादार पेड़ों का रोपण किया गया।

इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य कुमुद ध्रुव ने कहा कि एक पेड़ मां के नाम प्रत्येक व्यक्ति को कम से कम एक पौधा वृक्षारोपण करना चाहिए, जिसे प्रकृति का संतुलन बना रहे




और आने वाले भविष्य के लिए पर्यावरण प्रदूषण संवर्धन जल संरक्षण वायु संरक्षण एवं अन्य स्त्रोत के लिए उपयोगी साबित होगा। साथ ही पर्यावरण पर पेड़ पौधा का होना अति आवश्यक है, जिसे संतुलन बना रहेगा और जीवन सुखमय होगा उन्होंने पर्यावरण संवर्धन संरक्षण के संबंध में विस्तार से छात्र छात्राओं को अवगत कराया और अव्हान करते हुए प्रत्येक बच्चे को एक पेड़ अपने मां के नाम लगाने की अपील की।

इस अवसर पर आलोक त्रिवेदी, मनोज दरियो, नीता नायक, रामभरोस उसेंडी, अश्वनी कुमार वैद्य, विजय कुमार गोटा, सुरेंद्र लकड़ा, पंचराम करपाल, विमल कुमार भालेश्वर, श्रद्धा ठाकुर, ललिता सिन्हा, नरेशा मंडावी, सीमा चौधरी, राजेश्वरी मंडावी व स्कूली बच्चे उपस्थित रहें।

## एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत स्काउट गाइड्स ने रोपे सैकड़ों पौधे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत वृहद वृक्षारोपण 7 जुलाई को ग्राम कोदाभाट के प्राथमिक शाला ग्राउंड में किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में मत्स्य बोर्ड के अध्यक्ष भरत मटियारा, अध्यक्षता ग्राम पंचायत कोदाभाट के सरपंच राजू राम नेताम, विशिष्ट अतिथि जनपद सदस्य हिमेश्वरी साहू, उप सरपंच रेखा यादव, पूर्व जनपद अध्यक्ष रामचरण कोर्राम एवं विशेष अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी अशोक पटेल रहे। वृक्षारोपण उपस्थित अतिथियों व ग्रामवासियों ने एक पेड़ मां के नाम के तहत




पौधारोपण किया एवं पौधों को सुरक्षित रखने का शपथ लिया। इस कार्यक्रम में कांकेर ब्लॉक के विभिन्न विद्यालयों के सैकड़ो की संख्या में स्काउट गाइड बच्चों ने भी पौधारोपण में सहयोग कर सौकड़ो पौधे रोपे। कार्यक्रम के प्रारंभ में स्काउट गाइड के पदाधिकारी ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भरत मटियारा ने ग्राम पंचायत के सरपंच को एक पेड़ पीपल का प्रदान किया। मुख्य अतिथि सहित समस्त अतिथियों ने वृक्ष के महत्व पर प्रकाश डालते हुए अधिक से अधिक पेड़ लगाकर सुरक्षा की अव्हान किया। शाला विकास समिति के अध्यक्ष संजू लता साहू, समस्त वार्ड अंबिका कावड़े, मोहित नेताम, रेखा यादव, मनोज गुप्ता, चंद्ररेखा भास्कर, अमृता भास्कर, उमेश्वरी जूरी, वाजिद खान, अभिमन्यु कुंवर, प्रदीप कुलदीप, किरण ठाकुर, ममता तारम, रंजीता नुचार्य, प्रदीप सेन, प्रद्युम्न श्रीवास, सुरेश कोरेटी, राम भजन नेताम, प्रदीप साहू, धार्मिक नेताम, ओम प्रकाश सेन, सीमा महादेवकर, सुनीता रावते, ममता दिवाकर, योगेंद्र धनकर, हर्ष डोंगरे, आकांक्षा साहू, स्काउट गाइड, रोवर रेंजर एवं ओपन दल से बड़ी संख्या में बच्चे उपस्थित रहे।

### बैंक अफसर बनकर कैरियर बनाने के बताए गए उपाय

**जगदलपुर।** शासकीय दन्तेश्वरी पी.जी. महिला महाविद्यालय में आज करियर गाइडेंस प्रकोष्ठ के अंतर्गत भारतीय स्टेट बैंक द्वारा प्रोबेशनरी ऑफिसर की भर्ती प्रक्रिया, वेतनमान और कैरियर अवसरों पर एक उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एसबीआई रीजनल मैनेजर पुरुषोत्तम कौशिक मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उनके साथ भानु प्रकाश सोनी एवं टॉम अतुल डुंग डुंग भी मौजूद थे।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरुष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

## स्कूल मरम्मत में करोड़ों की गड़बड़ी का आरोप, सरपंच-पंचों ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

- जांच की हो रही मांग आंदोलन की चेतावनी

विकासखंड दुर्गुकोंदल में मुख्यमंत्री जतन योजना के तहत स्कूलों के लिए लाखों रुपए की राशि स्वीकृत कर मरम्मत कराया गया, लेकिन एक भी स्कूल का शासन के मापदंड अनुसार मरम्मत नहीं किया गया, जिससे विकासखंड के जनप्रतिनिधियों ने नवनिर्वाचित सरपंच वार्ड पंच में विरोध किया। स्कूल भवन मरम्मत में लीपापोती कार्य से आक्रोशित सरपंच और वार्ड पंचों ने प्रधानमंत्री, छत्तीसगढ़ के राज्यपाल, मुख्यमंत्री एवं कलेक्टर के नाम तहसीलदार दुर्गुकोंदल को ज्ञापन सौंप कर स्कूल मरम्मत कार्य में पिछले 4 साल से हो रही घटिया कार्य की जांच की मांग की है। दुर्गुकोंदल सरपंच शकुंतला नरेटी, कर्रामाड़ सरपंच रजलाल आचला, सुखई सरपंच नंदू खरे व साधमिचगांव के सरपंच मुकेश गावड़े ने बताया कि की



विकासखंड दुर्गुकोंदल में पिछले 4 साल से विभिन्न स्कूलों का करोड़ों रुपए राशि स्वीकृत कर मरम्मत कार्य घटिया स्तर की कराई गई है, जो स्कूल 3-4 लाख रुपए में बने हैं। उन्हें 5 से 11 लाख रुपए तक की राशि स्वीकृत कर सिर्फ मरम्मत के नाम पर खाना पूर्ति कर राशि आहरण कर गबन कर ली गई है। भवन मरम्मत कार्य खंड शिक्षा अधिकारी की निर्देश में हो रही है। खंड शिक्षा अधिकारी भवन मरम्मत कार्य एजेंसी शिक्षा समिति से छिन कर निजी व फर्जी ठेकेदार को दे दिया गया हैं। सुचित्रा राशि की 10 प्रतिशत राशि खर्च कर अधिकारी और फर्जी ठेकेदार 90 प्रतिशत राशि गबन कर रहे हैं। सरपंच शकुंतला नरेटी ने कहा कि ग्राम पलाचुर स्कूल में 11 लाख रूपए राशि स्वीकृत कर 7 लाख रूपए आहरण की गई है एवं मरम्मत 10 हजार रूपए का नहीं है। एजेंसी शाला प्रबंधन समिति है, लेकिन ठेकेदार कहा से आ गए, जिसकी जांच होनी चाहिए अन्यथा मरम्मत के नाम पर 4 साल से हो रही गबन के खिलाफ धरना प्रदर्शन करेंगे। भाजपा नेता सोमल जैन ने कहा कि मरम्मत के नाम पर राशि स्वीकृत करना षड्यंत्र है। जो स्कूल 2 से 5 लाख रुपए में बने हैं। इन स्कूलों की मरम्मत के लिए 5 से 11 लाख रुपए तक स्वीकृत करना पूरी तरह से गबन की ओर इशारा कर रही है।

